## राजनीति विज्ञान (028)
## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
## कक्षा- XII (2025-26)

**समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**निर्देश:**

1. प्रश्न पत्र में पाँच खंड (क, ख, ग, घ और ड़) हैं, जिनमें कुल 30 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न '1' अंक का है।
4. प्रश्न संख्या 13 से 18 तक प्रत्येक प्रश्न '2' अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दें ।
5. प्रश्न संख्या 19 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न '4' अंक का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 120 शब्दों में दें । चार अंक के प्रश्नों में से दो में आंतरिक विकल्प है।
6. प्रश्न संख्या 24 से 26 तक चित्र, मानचित्र और अवतरण आधारित प्रश्न हैं। तदानुसार उत्तर लिखें।
7. प्रश्न संख्या 27 से 30 तक छ: अंक के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर 170 से 180 शब्दों में दें ।
8. 6 अंक के प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प हैं।

| प्रश्न संख्या | **खंड-क (12X1=12 अंक)** | अंक |
|---|---|---|
| 1 | अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में शीत-युद्ध की समाप्ति से-<br>क) महाशक्तियों के बीच छद्म युद्ध में वृद्धि हुई।<br>ख) महाशक्तियों के बीच हथियारों की होड़ में वृद्धि हुई।<br>ग) बहुपक्षीय कूटनीति और सहयोग में वृद्धि हुई।<br>घ) अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में द्विध्रुवीयता में वृद्धि हुई। | 1 |
| 2 | एजेंडा-21 निम्नलिखित में से किस एक से संबंधित है?<br>क) रियो सम्मेलन<br>ख) अंटार्कटिका संधि<br>ग) मान्ट्रियल न्यायाचार<br>घ) अंटार्कटिका पर्यावरणीय न्यायाचार | 1 |
| 3 | नीचे दो कथन दिए गए हैं:<br>कथन I: सुरक्षा की पारस्परिक धारणा के अनुसार किसी देश की सुरक्षा को अधिकांश खतरे इसकी सीमाओं के बाहर से होते हैं।<br>कथन II: वैश्विक राजनीति में प्रत्येक देश अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं जिम्मेवार होता है। | 1 |



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |

उपर्युक्त कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों के उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए।

क) केवल कथन I सही है।

ख) केवल कथन II सही है।

ग) दोनों कथन I और II सही हैं।

घ) दोनों कथन I और II गलत हैं।

4 देशों के उस समूह को चुनिए जो सोवियत संघ के विघटन से पूर्व उसका हिस्सा थे। 1

क) ताजिकिस्तान, अजरबैजान, अरमीनिया

ख) अरमीनिया, पश्चिमी जर्मनी, अजरबैजान

ग) पोलैंड, पूर्व जर्मनी, नॉर्वे

घ) नॉर्वे, हंगरी, रोमानिया

5 वैश्विक सुरक्षा का विचार निम्नलिखित में से किस दशक में उत्पन्न हुआ? 1

क) 1960 के दशक में

ख) 1970 के दशक में

ग) 1980 के दशक में

घ) 1990 के दशक में

6 निम्नलिखित प्रश्न में अभिकथन (अ) के बाद कारण (का) के रूप में एक कथन है। उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए। 1

**अभिकथन (अ)** जून 2005 में जी-8 देशों की मीटिंग में भारत ने संकेत दिया कि विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की दर विकसित देशों में होने वाले उत्सर्जन का एक बहुत ही क्षुद्र (छोटा) अंश है।

**कारण (का)** 1997 में भारत द्वारा रियो पृथ्वी सम्मेलन समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई।

क) अभिकथन (अ) और कारण (का) दोनों सही हैं और कारण (का) अभिकथन (अ) की सही व्याख्या है।

ख) अभिकथन (अ) और कारण (का) दोनों सही हैं परंतु कारण (का) अभिकथन (अ) की सही नहीं व्याख्या है।

ग) अभिकथन (अ) सही है परंतु कारण (का) गलत है।

घ) अभिकथन (अ) गलत है परंतु कारण (का) सही है।

7 भारत की विदेश नीति का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? 1

क) क्षेत्रीय विस्तार की कोशिश
ख) आर्थिक शोषण को बढ़ावा देना
ग) राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास
घ) विशिष्ट सैन्य गठबंधन बनाना

8 1979 में भारत का कौन सा विदेश मंत्री चीन के दौरे पर गया था? 1

क) राजीव गांधी
ख) अटल बिहारी वाजपेई
ग) पी.वी. नरसिम्हा राव
घ) मनमोहन सिंह



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |**

9 निम्नलिखित में उस नेता को पहचानिए जिसने एकात्म मानववाद के सिद्धांत की शुरुआत की थी। 1

क) राम मनोहर लोहिया
ख) एस.पी. मुखर्जी (श्याम प्रसाद मुखर्जी)
ग) दीनदयाल उपाध्याय
घ) सरदार बल्लभ भाई पटेल

10 निम्नलिखित नेताओं का उनके राजनीतिक दलों के साथ नीचे दिए गुटों के आधार पर सही मिलान कीजिए। 1

| **नेता** | **राजनीतिक दल** |
|---|---|
| I. आचार्य नरेंद्र देव | i. कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया |
| II. ए. के. गोपालन | ii. भारतीय जनसंघ |
| III. रफी अहमद किदवई | iii. प्रजा सोशललिस्ट पार्टी |
| IV. श्यामा प्रसाद मुखर्जी | iv. भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस |

क) I-(ii), II-(iv), III-(iii), IV-(i)
ख) I-(iii), II-(i), III-(iii), IV-(iv)
ग) I-(ii), II-(i), III-(iv), IV-(iii)
**घ)** I-(iii), II- (i), III-(iv), IV-(ii)

11 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उस नेता की पहचान कीजिए जो जम्मू कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने थे। 1

क) शेख अब्दुल्ला
ख) उमर अब्दुल्ला
ग) गुलाम मोहम्मद सादिक
घ) मुफ्ती मोहम्मद सैयद

12 निम्नलिखित राज्यों को उनके गठन के काल क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए। 1

I. अरुणाचल प्रदेश
II. पंजाब
III. नागालैंड
IV. त्रिपुरा

**विकल्प:**

क) III, II, IV, I
ख) II, IV, I, III
ग) IV, I, III, II
घ) I, II, III, IV

**खंड-ख (6x2=12 अंक)**

13 नये भारत के निर्माण के लिए योजना आयोग द्वारा प्रारंभ में कौन सी पहल की गई थीं? 2

14 मालदीव में लोकतंत्र स्थापित होने की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। 2

15 पारंपरिक धारणा के अनुसार सहयोगात्मक सुरक्षा की दो प्रकारों का वर्णन कीजिए। 2

16 मंडल आयोग की नियुक्ति के कारण स्पष्ट कीजिए। 2



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |**

17 एक-दलीय प्रभुत्व और एक-दलीय प्रणाली में क्या अंतर है? 2

18 वैश्विक गरीबी का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

**खंड-ग (5x4=20 अंक)**

19 एफ्रो-एशियन एकता को बनाए रखने के लिए भारत द्वारा जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में निभाई गई भूमिका की व्याख्या कीजिए। 4

20 "भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से उठने वाली क्षेत्रीय मांगे विविधता में एकता के सिद्धांत को दर्शाती हैं।" क्या आप इससे सहमत हैं? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए। 4

21A "यद्यपि भारत ने पूर्व कम्युनिस्ट देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे हैं, तदापि भारत और रूस के बीच संबंध, अभी भी, सबसे मजबूत हैं।" उपयुक्त तर्कों की सहायता से कारणों की व्याख्या कीजिए। 4

**–अथवा-**

21 B सोवियत प्रणाली की किन्हीं दो सकारात्मक तथा दो नकारात्मक विशेषताओं को उजागर कीजिए। 4

22A वैश्वीकरण के किन्हीं दो कारणों का विश्लेषण कीजिए। 4

**–अथवा-**

22B कल्याणकारी राज्य का स्थान 'बाजार' ले रहा है"। इस परिवर्तन के कारणों का विश्लेषण कीजिए। 4

23 1977 के लोकसभा चुनाव के किन्हीं चार परिणामों को स्पष्ट कीजिए। 4

**खंड-घ (3x4 =12 अंक)**

24 नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन कीजिए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1+1+1+1=4




*Source-NCERT Textbook-page-84*



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |**

सही विकल्प चुनिए।

i) किस सम्मेलन ने पर्यावरण के मुद्दों को वैश्विक राजनीति के केंद्र में ला दिया?

क) जी- 8 सम्मेलन ख) पृथ्वी सम्मेलन

ग) अंटार्कटिक सम्मेलन घ) स्टॉकहोम सम्मेलन

ii) चित्र में दिखाई दिए गए दो व्यक्ति किसका प्रतीक हैं?

क) पहले दुनियां अथवा तीसरी दुनियां के देशों का

ख) दूसरी और तीसरी दुनियां के देशों का

ग) विकसित और अल्प विकसित देशों का

घ) पहली और दूसरी दुनियां के देशों का

iii) ये दो लोग किसको बचाने का प्रयास कर रहे हैं?

क) बाहरी अंतरिक्ष

ख) समुद्र

ग) जंगल

घ) पृथ्वी

iv) वैश्विक उत्तर में निम्नलिखित में से कौन से क्षेत्र शामिल है।

क) अफ्रीका और एशिया

ख) यूरोप और उत्तर अमरीका

ग) लैटिन अमरीका ओसियन ओशिनिया महाद्वीप

घ) दक्षिण अमरीका और मध्य पूर्व

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थिओं के लिए प्रश्न संख्या 24 के स्थान पर है।**

i) उत्तरी गोलार्द्ध और दक्षिणी गोलार्द्ध क्या दर्शाते हैं?

ii) ऐसे दो देशों के नाम लिखिए जिन्हें क्योटो प्रोटोकॉल की बाध्यताओं से छूट प्राप्त थी?

iii) वैश्विक संपदा में क्या-क्या शामिल है?

iv) भू-राजनीति को परिभाषित कीजिए?

25 दिए गए भारत के वैश्विक मानचित्र में चार राज्यों को क, ख, ग और घ से चिन्हित किया गया है। इन राज्यों को नीचे दी गई जानकारी के आधार पर पहचानिए और अपनी उत्तर पुस्तिका में उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को नीचे दिए तालिका के अनुसार लिखिए। 1+1+1+1=4

| प्रयोग की जानकारी की क्रम संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| | | |



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |

i. वह राज्य जहां 1967 के चुनावों के बाद संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के साथ संयुक्त विधायक दल की सरकार बनी थी।

ii. वह राज्य जहां कांग्रेस को बहुमत नहीं मिला था परंतु विभिन्न दलों की सहायता से सरकार बनाई थी।

iii. 1967 के चुनावों में दलबदल के साथ जुड़ा एक राज्य।

iv. वह राज्य जिसके मुख्यमंत्री के. कामराज थे।






कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 25 के स्थान पर हैं।**

i. उस नेता का नाम बताइए जिसने 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया?
ii. गैर कांग्रेसी और गैर कम्युनिस्ट दलों से गठित गठबंधन का नाम लिखिए।
iii. उस नेता का नाम लिखिए जिन्हें आधुनिक कर्नाटक का निर्माता माना जाता है।
iv. 1969 के राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार का नाम लिखिए।

26 नीचे दिए गए अवतरण का अध्ययन कीजिए और अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1+1+1+1=4

"कोई भी क्षेत्र हवा में नहीं होता। चाहे कोई क्षेत्र अपने को गैर क्षेत्रीय ताकतों से अलग रखने की जितनी भी कोशिश करे उस पर बाहरी ताकतों और घटनाओं का असर पड़ता ही है। कुछ देश दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम भूमिका निभाते हैं। पिछले दस वर्षों में भारत और चीन के संबंध बेहतर हुए हैं। चीन की पाकिस्तान के साथ राजनीतिक साझेदारी भारत चीन के संबंधों में एक बड़ी कठिनाई है। विकास की जरूरत और वैश्वीकरण के कारण एशिया महाद्वीप में ये दो बड़े देश ज्यादा नजदीक आए हैं। 1991 के बाद इन देशों के आर्थिक संबंध ज्यादा मजबूत हुए हैं।

i. किन दो देशों को बाहरी ताकत कहा गया है?
क) भारत और चीन ख) चीन और पाकिस्तान
ग) अमरिका और चीन घ) भारत और अमरिका

ii. दो एशियाई देशों के नाम चुनिए-
क) अमरिका और चीन ख) रूस और भारत
ग) भारत और चीन घ) भारत और अमरिका

iii. निम्नलिखित में से कौन सा देश दक्षिण एशियाई देश नहीं है?
क) मालदीव ख) नेपाल ग) जापान घ) भूटान

iv. निम्नलिखित में कौन सा देश दक्षेश (सार्क) का सदस्य नहीं है?
क) नेपाल ख) भारत ग) चीन घ) पाकिस्तान

## खंड-ड़ (4X6=24 अंक)

27A संयुक्त राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए कौन से कदम उठाने चाहिए? ऐसे कोई चार कारण स्पष्ट कीजिए? जिनकी वजह से भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता मिलनी चाहिए? 6

**–अथवा-**

27B 1945 में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय से लेकर आज तक की विकास यात्रा का विवरण लिखिए। यह अपने विभिन्न अंगों एवं एजेंसियों के साथ कैसे कार्य करता है। 6

28A 'प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के बीच गंभीर अंतरों के बावजूद उनके बीच बनती नयी सहमति को बड़ी रुचि के साथ देखा जा रहा है।' इस कथन के आलोक में किन्हीं दो सहमतियों का वर्णन कीजिए। 6



कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |

**–अथवा-**

28B द्वि-दलीय प्रणाली को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। परंतु भारत में बहुदलीय प्रणाली है। भारत में बहुदलीय प्रणाली के लाभों का आकलन कीजिए। 6

29A "क्षेत्रीय मांगों के समायोजन तथा भाषायी राज्यों के गठन को लोकतांत्रिक माना गया" उपयुक्त तर्कों से इस कथन को उचित ठहराइये। 6

**–अथवा-**

29B 1947 में भारत के विभाजन के तुरंत बाद भारत सरकार का देसी रियासतों के प्रति क्या रवैया था? वर्णन कीजिए कि देशी रियासत मणिपुर का भारत में विलय किस प्रकार हुआ। 6

30A एक आर्थिक संघ के रूप में आसियान की भूमिका का वर्णन कीजिए। 6

**–अथवा-**

30B क्या जापान, शक्ति के एक वैकल्पिक केंद्र के रूप में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकता है? स्पष्ट कीजिए। 6



**कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी |**